# विषय – सामाजिक विज्ञान

## अध्याय – 1

## मानचित्रण और मानचित्र का अध्ययन

प्रश्न 18. सही विकल्प चुनकर लिखिए –

1. यदि हम सूर्योदय क समय सूर्य की ओर मुँह करके खड़े हो जाएँ तो सामने की ओर कौन सी दिशा होगी।

(अ) पूर्व दिशा (ब) उत्तर दिशा

(स) दक्षिण दिशा (द) पश्चित दिशा

2. दिक्सूचक यंत्र पर कुल कितने डिग्री का कोण बना होता है?

(अ) 360° (ब) 340°

(स) 180° (द) 150°

3. मानचित्र में पैमाना का उपयोग कितने प्रकार से करते हैं?

(अ) 4 (ब) 5

(स) 3 (द) 2

4. दीवार पर लगे मानचित्र में उत्तर दिशा किस तरफ होगी?

(अ) नीचे (ब) ऊपर

(स) दाएँ (द) बाएँ

5. जो नक्शा बनात है उसे क्या कहते हैं?

(अ) कर्मवीर (ब) अग्नीवीर

(स) नक्शानवीस (द) इनमें से कोई नहीं।

प्रश्न 19. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए –

1. भौगोलिक उत्तर के अलावा एक और उत्तर होता है जिसे ................................ कहते हैं।

2. मानचित्र को वास्तविक दिशा में रखकर पढ़ने की क्रिया को ................................ कहते हैं।

3. मानचित्र बनाने की कला का विकास सर्वप्रथम ................................... भूगोलवेताओं ने किया।

4. वास्कोडिगामा दक्षिण आफ्रीका के ................................... से होकर भारत पहुँचा था।

5. विभिन्न ऊँचाई वाली दो समोच्च रेखाएँ एक–दुसरे को नही ................................... है।

प्रश्न 20. मानचित्र किसे कहते हैं? मानचित्र कितने प्रकार के होते हैं।

प्रश्न 21. संकेत से क्या तात्पर्य है। स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 22. समोच्च रेखा किसे कहते हैं समोच्च रेखा की विशेषताओं की व्याख्या कीजिए।

प्रश्न 23. रूढ़ चिन्ह बनाओ

(1) मंदिर, गिरजाघर

(2) बस्ती, कब्रिस्तान

(3) पेड़, घास

प्रश्न 24. मानचित्र में पैमाना का उपयोग कितने प्रकार से किया जाता हैं?

प्रश्न 25. 13 वी शताबदी में मानचित्र का विकास किस प्रकार हुआ?

प्रश्न 26. संसाधनो की खोज नक्शे की मदद से किस प्रकार की जा सकती है?

प्रश्न 27. वास्कोडिगामा के यात्रा का वर्णन करो।

# अध्याय–2

# भारत – एक सामान्य परिचय

## 2.1 भारतीय उपमहाद्वीप का प्राकृतिक स्वरूप

रिक्त स्थान भरो –

(1) समुद्र तटीय प्रदेशों के लोग -------- पर आधारित व्यवसाय करते हैं।

(2) थार मरूस्थल में रहने वाले कई समुदाय -------- कर अपनी आजीविका चलाते हैं।

(3) हिन्दूकुश, काराकोरम पर्वत श्रेणियाँ --------- से निकलती हैं।

(4) भारतीय उपमहाद्वीप --------- महाद्वीप का एक विशिष्ट भू भाग हैं।

(5) परिचत में -------- पर्वत श्रृंखला हैं।

## 2.2 उत्तर तथा उत्तर पूर्वी पर्वतमाला

सत्य/असत्य लिखिए–

(1) पृथ्वी का धरातल छः प्रमुख प्लेट से बना हैं।

(2) पृथ्वी का बाहरी आवरण वायुमण्डल हैं।

(3) हिमालय से बहने वाली नदियो में वर्ष भर पानी रहता हैं।

(4) झूम खेती की मिट्टी में हल चलाते हैं।

(5) कश्मीर की राजधानी श्रीनगर हैं।

(6) भारत में कृषि किसी पर निर्भर नही हैं।

(7) चाय असम की प्रमुख व्यापारिक फसल हैं।

(8) हिमालय में चुना पत्थर पाया जाता हैं।

(9) माउंट एवरेस्ट की ऊँचाई 8848 मी. हैं।

(10) अरावती पर्वत प्राचीन पर्वत हैं।

## 2.3 उत्तर का विशाल मैदान

आबंटित अंक 1 (1 अंक 1 प्रश्न)

सही विकल्प चुनो–

(1) उत्तर का विशाल मैदान हिमालय के किस दिशा में हैं।

(अ) उत्तर (ब) दक्षिण

(स) पूर्व (द) पश्चिम

(2) ब्रम्हपुत्र नदी के किनारे कौन सा नगर बसा हैं?

(अ) बिलासपुर (ब) गुवाहाटी

(स) प्रयागराज (द) दिल्ली

(3) किस प्रकार के क्षेत्र में नहर बनाना आसान होता हैं?

(अ) पर्वत (ब) पठार

(स) मैदान (द) शुष्क क्षेत्र

(4) गोखुर झील का निर्माण कब होता हैं?

(अ) नदी उद्‌गम (ब) नदी मोड़

(स) डेल्टा पर (द) इनमें से कोई नही

(5) भाखड़ा – नांगल बांध किस नदी पर बनाया गया हैं?

(अ) सिन्धु (ब) यमुना

(स) सतलज (द) गंगा

## 2.4 प्रायद्वीपीय पठार, समुद्र तटीय मैदान और द्वीप समूह

प्र.1 सही विकल्प चुनकर लिखिए–

(1) कोलार स्वर्ण क्षेत्र किस प्रांत में हैं?

(अ) केरल (ब) तेलंगाना

(स) कर्नाटक (द) तमिलनाडु

(2) प्रायद्वीपीय पठार का ढ़ाल किस ओर हैं?

(अ) दक्षिण (ब) दक्षिण–पूर्व

(स) पश्चिम (द) दक्षिण–पश्चिम

(3) भारत का सबसे बड़ा तेल क्षेत्र कहाँ हैं?

(अ) चेन्नई (ब) कोलकाता

(स) डिग्बोर्ड (द) मुम्बई

(4) कट्टुमरम का उपयोग किया जाता हैं?

(अ)घुमने के लिए (ब) मछुआरो के आवास के लिए

(स) मछली पकड़ने के लिए (द) इनमें से कोई नही

(5) जल संरक्षण दिवस मनाया जाता हैं?

(अ) 15 जून (ब) 5 जून

(स) 22 मार्च (द) 30 अप्रैल

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

(1) चित्रकोट जलप्रपात को एशिया का ––––––––– कहते हैं।

(2) समुद्र के जल स्तर में हमेशा ––––––––– होते रहता हैं।

(3) पूर्वी तटीय मैदान की उत्पत्ति –––––––– क्रिया से हुई।

(4) ताजमहल के लिए संगमरमर –––––––– से लाया गया हैं।

(5) राजस्थान की चांद बावड़ी –––––––– की अद्भुत मिसाल हैं।

2 अंक के प्रश्न

(1) घाट का क्या अर्थ हैं?

(2) कुटुम्बसर गुफा क्यो प्रसिद्ध हैं?

(3) ढ़क्कन के पठार में काली मिट्टी का निर्माण कैसे हुआ?

(4) आग्नेय शैल का निर्माण किस प्रकार होता हैं?

(5) कायान्तरित शैल किसे कहते हैं?

(6) रूट ऑफ इण्डिया का आशय स्पष्ट कीजिए।

(7) किन महीनों में अधिक मछली पकड़ी जाती हैं?

(8) एशिया के किन – किन देशो में थार का मरूस्थल फैला हैं?

(9) थार में कौन – कौन से पेड़ पायें जाते हैं?

(10) संसार का सबसे बड़ा मरूस्थल कहाँ हैं?

# अध्याय–3

# भारत की जलवायु

**आबंटित अंक 4 (1 अंक 1 प्रश्न, 3 अंक 1 प्रश्न)**

रिक्त स्थान की पूर्ति किजिए–

(1) उत्तरी गोलार्द्ध में –––––––– प्रतिशत और दक्षिणी गोलार्द्ध में –––––––– प्रतिशत जल भाग हैं।

(2) ––––––––– तिथि को सूर्य कर्क रेखा में लम्बवत चमकता हैं।

(3) ––––––––– सदा उच्चवायुदाब से निम्न वायु दाब की ओर चलती हैं।

(4) दिन में बहने वाली गर्म हवाओं को –––––––– कहते हैं।

(5) धरातल पर जैसे – जैसे ऊँचाई पर जाते हैं –––––––––– घटता जाता हैं।

3 अंक वाले प्रश्न

(1) मौसम किसे कहते हैं? जलवायु और मौसम किस प्रकार भिन्न हैं?

(2) जलवायु को प्रभावित करने वाले कारको का वर्णन किजिए।

(3) भारत में वर्षा का वितरण असमान क्यो हैं? तीन कारण बताइये।

(4) भारत में कितनी प्रमुख ऋतुएँ है इस ऋतुओं को समझाइए।

(5) जलवायु परिवर्तन से आप क्या समझते हैं?

(6) मौसम और जलवायु में तीन अंतर लिखिए।

# अध्याय–4 (इकाई 7)

# भारत की नदियाँ एंव अपवाह प्रणाली

**1 अंक के प्रश्न**

प्र 1 सही विकल्प चुनकर लिखिए–

(1) जहाँ से नदी निकलती उस स्थान को क्या कहते हैं?

(अ) मुहाना (ब) डेल्टा

(स) उद्‌गम (द) मैदान

(2) उद्‌गम से मुहाने तक नदी की अवस्था को कितने भागों में बाटा गया हैं?

(अ) 2 भाग (ब) 3 भाग

(स) 4 भाग (द) 6 भाग

(3) महानदी की कुल लम्बाई कितनी हैं?

(अ) 851 कि. मी. (ब) 942 कि. मी.

(स) 452 कि. मी. (द) 526 कि. मी.

(4) सुन्दर वन किस नदी के मुहाने पर हैं?

(अ) गोदावरी (ब) गंगा

(स) कावेरी (द) महानदी

(5) नर्मदा एंव ताप्ती नदी किस सागर मे जा कर मिलती हैं?

(अ) हिन्द महासागर (ब) अरब महासागर

(स) प्रशांत महासागर (द) मृत सागर

प्र 2 उचित संबंध जोडिए–

| | |
|---|---|
| 1. गंगा | (क) हीराकुण्ड बांध |
| 2. महानदी | (ख) भेड़ाघाट |
| 3. कृष्णा नदी | (ग) सुन्दर वन डेल्टा |
| 4. नर्मदा | (घ) v आकार की घाटी |
| 5. नदी युवावस्था | (ड) महाक्लेश्वर |

**2 अंक के प्रश्न**

(1) अपवाह तंत्र से आप क्या समझते हैं?

(2) नदी की तीन अवस्था कौन – कौन सी हैं?

(3) भूमिगत जल का आशय स्पष्ट कीजिए?

(4) प्राचीन काल में महानदी को किन–किन नामों से जाना जाता था?

(5) सिन्धु जल समझौता किन–किन देशो के बीच हुआ?

# अध्याय–5 (इकाई 8)

# प्राकृतिक वनस्पति एंव वनाश्रित समुदाय

**1 अंक के प्रश्न**

प्रश्न 1 सही विकल्प चुनकर लिखिए–

(1) वर्ष भर हरे भरे रहने वाले वन क्या वन कहलाते हैं?

(अ) उष्णकल्बिन्ध वन (ब) सदाबहारवन

(स) कटिले वन (द) पर्णपाती वन

(2) भारत में कितने प्रतिशत भाग में वन बचे हैं?

(अ) 24% (ब) 35%

(स) 23% (द) 53%

(3) काँटेदार झाड़ी वाले वनो में वर्षा कितने से.मी. होती हैं?

(अ) 80 से.मी. (ब) 70 से.मी. से कम

(स) 100 से.मी. (द) 200 से.मी.

(4) छत्तीसगढ़ में कितने प्रतिशत भूमि पर जंगल हैं?

(अ) 25% (ब) 23%

(स) 44% (द) 53%

(5) सुन्दर वन में कौन सा वृक्ष पाया जाता हैं?

(अ) सुन्दरी (ब) सागौन

(स) साल (द) बेर

(6) राष्ट्रीय वन नीति की घोषणा की गई?

(अ) 1988 (ब) 1989

(स) 1993 (द) 1996

(7) भारत में वनो को कितने भागों में बॉटा गया हैं।

(अ) तीन (ब) पाँच

(स) आठ (द) दस

(8) आरक्षित वन हैं?

(अ) मिश्रित वन (ब) शासकीय वन

(स) सदाबहार वन (द) इनमें से कोई नही

प्रश्न 2 सत्य/असत्य लिखिए–

(1) देवदार वृक्ष पर्वतीय वनों में पाये जाते हैं।

(2) वन अधिकार अधिनियम, 2006 में पाटित किया गया।

(3) आर्द्र मानसुनी वनों के पेड़ ऊँचे होते हैं।

(4) कांटेदार झाड़ी वाले वन उत्तर प्रदेश में पाये जाते हैं।

(5) डेल्टाई वन समुद्र तटों के समीप पाये जाते हैं।

# अध्याय–6 (इकाई 1)

# युरोप और भारत में आधुनिक संस्कृति उदय

**4 अंक के प्रश्न**

प्रश्न 1. केरल के गणितज्ञ की 14 वी से 16 वी सदी की विशिष्ट परम्पराओं को स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 2. पृथ्वी सूर्य का चक्कर लगा रही हैं यह मानने में एक सामान्य व्यक्ति को क्या–क्या कठिनाइयाँ हो सकती हैं?

प्रश्न 3. क्या आपको लगता हैं कि कलाकारों को हमेंशा हू–ब–हू यथार्थवादी चित्र बनाने चाहिए। कारण सहित अपने विचार लिखें।

प्रश्न 4. मध्यकाल के अन्त में ऐसी क्या बातें हुई जिनके कारण समाज में बदलाव सम्भव हुआ?

प्रश्न 5. मानववाद ने चर्च को किस प्रकार की चुनौती दी?

प्रश्न 6. युरोप के रेनासाँ की चित्रकला और मूर्तिकला मध्यकालीन कला से किस तरह से भिन्न थी?

प्रश्न 7. युरोप के विज्ञान के विकास में चीन, भारत और अरब देशो का क्या योगदान था?

प्रश्न 8. युरोप के नाविक किस उद्देश्य से समुद्री यात्रा कर रहे थे और उनके कांम में विज्ञान का क्या महत्व था?

प्रश्न 9. विज्ञान में प्रयोग, अवलोकन और गणना के महत्व को किस प्रकार स्थापित किया गया। इनके बिना भी क्या वैज्ञानिक ज्ञान का निर्माण किया जा सकता हैं?

# अध्याय–7 (इकाई 4)

# युरोप और भारत में आधुनिक संस्कृति उदय

**4 अंक के प्रश्न**

**धर्मसुधार और प्रबोधन**

प्रश्न 1. इस्लाम में किन सवालो को लेकर धार्मिक मतभेद उभरे थे?

प्रश्न 2. क्या आपको लगता हैं कि हर व्यक्ति को खुद अपने लिए अपने धर्म की व्याख्या करनी चाहिए?

प्रश्न 3. युरोप में कैथोलिक चर्च और धार्मिक सुधार को समझाइए?

प्रश्न 4. मध्यकालीन भारत में परम सत्य के बारे में क्या–क्या कल्पनाएँ थी?

प्रश्न 5. मार्टिन लूथर ने किन बातों को लेकर कैथोलिक चर्च की आलोचना की?

प्रश्न 6. धार्मिक विविधता का लोगो के जीवन पर क्या प्रभाव पड़ा होगा?

प्रश्न 7. महिला भक्तों की जीवनी में आपको क्या समानताएँ व भिन्नताए दिखती हैं?

प्रश्न 8. प्रबोधन की मुख्य विशेषताएँ क्या थी? उसका वैज्ञानिक क्रान्ति से क्या सम्बंध था?

# अध्याय–8 (इकाई 5)

## लोकतांत्रिक एंव राष्ट्रवादी क्रान्तियाँ सन् 1600 – 1900

### 4 अंक के प्रश्न

### धर्मसुधार और प्रबोधन

प्रश्न 1. क्या आप इस बात से सहमत हैं कि ईश्वर ने हर एक मनुष्य को जीवन स्वतंत्रता और सुख प्राप्त करने का अधिकार दिया हैं?

प्रश्न 2. सत्याग्रह से आप क्या समझते हैं– उसको अपने शब्द में लिखे।

प्रश्न 3. मेईजी वंश की पुनः स्थापना से जापान में क्या बदलाव आया? विस्तार से बताइए।

प्रश्न 4. क्या आप इस बात से सहमत हैं कि ईश्वर ने हर एक मनुष्य को जीवन, स्वतंत्रता और सुख प्राप्त करने का अधिकार दिया हैं?

प्रश्न 5. जापान और भारत के राष्ट्रवाद में क्या फर्क था, अपने शब्दो में लिखिए।

प्रश्न 6. अमेरिकी स्वतंत्रता के घोषणा पत्र में ऐसे कौन से विचार थे जो लॉक और रूसो के विचारों से मिलते है।

प्रश्न 7. फ्रांसीसी क्रांति को संक्षेप में समझाइए।

प्रश्न 8. क्या सत्रहवी सदी के इग्लैण्ड की संसद को आप लोकतांत्रिक मान सकते हैं? कारण सहित लिखे।

प्रश्न 9. अमेरिका के स्वतंत्रता संघर्ष के पीछे क्या कारण थे? अपने शब्दो में बताइए।

# अध्याय–9 (इकाई 7)

# औद्योगिक क्रांति और सामाजिक बदलाव

**4 अंक के प्रश्न**

प्रश्न 1. पत्थर कोयले और लकड़ी कोयले में क्या–क्या अंतर होते हैं?

प्रश्न 2. औद्योगिक क्रांति में लोहा–इस्पात उद्योग का क्या योगदान था?

प्रश्न 3. रेलमार्ग स्थापित करना और कारखाना स्थापित करना इन दोनों में अंतर स्पष्ट किजिए।

प्रश्न 4. मजदूरो के हित में ब्रिटेन, जर्मनी और भारत में जो कानून बने उनमें क्या समानताएँ थी और क्या अंतर थे?

प्रश्न 5. औद्योगिक विकास का समाज पर पड़ने वाले प्रभावों को बतलाइए।

प्रश्न 6. अगर कारखाने का उन्पादन बिक नही पाए तो उसका पूजीपति और मजदूरो पर क्या प्रभाव पड़ेगा?

प्रश्न 7. ब्रिटेन की औद्योगिक क्रांति का भारत के बुनकरो पर क्या प्रभाव पड़ा?

प्रश्न 8. प्रारंभिक भारतीय उद्योगपतियों को किस तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ा?

# अध्याय–10 (इकाई 9)

# उपनिवेशवाद

**1 अंक वाले प्रश्न**

**सत्य/असत्य लिखिए–**

(1) 4 जुलाई 1776 को अमेरिका, ब्रिटेन से स्वतंत्र हुआ था।

(2) 17 वी सदी में चीन मे मांचू वंश का शासन आया।

(3) चीन में अफीम का व्यापार वैध था।

(4) जनसंख्या और क्षेत्रफल दोनो में चीन दूनिया में दूसरे नम्बर का देश हैं।

(5) ईस्ट इंडिया कम्पनी का एकाधिकार 1813 में समाप्त हुआ।

**रिक्त स्थान भरो–**

(1) इंग्लिश ईस्ट इंडिया कम्पनी में –––––––– में बंगाल में नवाब को प्लासी की लड़ाई में हराया।

(2) खुले हार की नीति ––––––––– देश में लागु किया गया।

(3) प्रथम अफिम युद्ध ––––––––– और –––––––– के बीच हुआ।

(4) रेड इंडियन ––––––––– को कहा जाता हैं।

(5) 1498 ई में भारत पहूँचने वाला –––––––––– था।

**2 अंक वाले प्रश्न**

प्रश्न 1 प्रथम अफिम युद्ध कब और किसके बीच हुआ?

प्रश्न 2 दास व्यापार किसे कहते हैं?

प्रश्न 3 भारत कब स्वतंत्र हुआ?

प्रश्न 4 अमेरिका चीन में खुले हार की नीति के पक्ष में क्यों था?

प्रश्न 5 भारत की खोज किसने और किस प्रकार की?

प्रश्न 6 उपनिवेशवाद किसे कहते हैं?

प्रश्न 7 साम्राज्य–वाद किसे कहते हैं?

प्रश्न 8 औद्योगिक क्रांति की शुत्रपात किस देश से हुई।

प्रश्न 9 लैटिन अमेरिका परिषद के उद्देश्य स्पष्ट कीजिए।

# अध्याय–11 (इकाई 3)

# लोकतंत्र का विचार एवं विस्तार

**अतिलघुउत्तरीय प्रश्न (2 अंक) –**

प्रश्न 1. आग सान सू की को कब और किस क्षेत्र के लिए नोबेल पुरस्कार दिया गया

प्रश्न 2. औपनिवेशिक शासन से स्वतंत्रता पश्चात लीबिया का शासक कौन बना?

प्रश्न 3. लिबिया किस देश का उपनिवेश था?

प्रश्न 4. लीबिया को पूर्णता स्वतंत्र देश कब घोषित किया गया?

प्रश्न 5. अरब बसंत क्या है?

प्रश्न 6. म्यानमार में लोकतंत्र की स्थापना कब और किसके नेतृत्व में हुई?

प्रश्न 7. अमेरिका गददाफी सरकार का अंत क्यों करना चाहता था?

प्रश्न 8. लीबिया में विद्रोह किस शहर से प्रारंभ हुआ?

प्रश्न 9. म्यानमार के प्रथम राष्ट्रपति एवं प्रथम प्रधानमंत्री का नाम लिखिए।

प्रश्न 10. सू की को नजरबंद क्यों रखा गया था?

**दीर्घउत्तरीय प्रश्न (6 अंक) –**

प्रश्न 1. लीबिया और म्यानमार के सैनिक शासन में प्रमुख अंतर को विस्तार से समझाइए।

प्रश्न 2. सक्षरता और जनसंचार माध्यमों की लोकतंत्र के विषय में जागरूकता पैदा करने में क्या भूमिका हो सकती है अपने विचार लिखिए

प्रश्न 3. गददाफी द्वारा आर्थिक सामाजिक उन्नति करने के बाद भी विरोध क्यों हुआ? समझाइए।

प्रश्न 4. म्यांमार में आंग सान सू की का लोकतंत्र की स्थापना में क्या योगदान रहा है?

# अध्याय–12 (इकाई 3)

# लोकतंत्र की प्रमुख विशेषताएँ

**अतिलघुउत्तरीय प्रश्न (2 अंक)–**

प्रश्न 1. भारत में निर्वाचन करवाने वाली संस्था को किस नाम से जाना जाता है?

प्रश्न 2. सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार से क्या तात्पर्य है?

प्रश्न 3. अधिनायक तंत्र किसे कहते हैं?

प्रश्न 4. कौन सी सरकार जनता के प्रति जवाबदेह होती है?

प्रश्न 5. लोकतंत्र में शासक कौन होगा?

प्रश्न 6. समावेशी करण क्या है?

प्रश्न 7. लीबिया और म्यानमार में सैनिक शासन किसके प्रति उत्तरदाई था?

प्रश्न 8. भारत में कौन सी शासन प्रणाली है?

प्रश्न 9. लोकतंत्र का सबसे बड़ा शत्रु कौन है?

प्रश्न 10. लीबिया में निर्णय लेने की अंतिम शक्ति किसके पास थी?

**दीर्घउत्तरीय प्रश्न (6 अंक)–**

प्रश्न 1. लोकतंत्र की प्रमुख विशेषताओं को विस्तार से लिखिए ।

प्रश्न 2. लोकतंत्र तंत्र में गुणा अधिक है या दोष? गुण दोषों को सूचीबद्ध लिखिए।

प्रश्न 3. स्वतंत्र एवं निष्पादन निर्वाचन के लिए कौन–कौन व्यवस्थाएं होनी चाहिए? विस्तार से लिखिए।

प्रश्न 4. लोकतंत्र में जन भागीदारी को विस्तार से समझाइए।

# अध्याय—13 (इकाई 6)

# अधिकार

**आबंटित अंक 5**

प्रश्न 1. भारतीय संविधान में कौन कौन से मौलिक अधिकार भारतीय नागरिकों को प्रदान किए गए हैं? नाम लिखिए।

प्रश्न 2. अधिकारों का संरक्षण मानव अधिकार किस प्रकार करता है?

प्रश्न 3. महिला आयोग के प्रमुख कार्य को लिखिए

प्रश्न 4. बाल संरक्षण अधिकार आयोग के गठन का उद्देश्य लिखिए।

प्रश्न 5. आपके जीवन में सूचना के अधिकार का क्या महत्व है?

प्रश्न 6. बाल श्रमिकों को आमतौर पर कौन—कौन से कार्य करवाए जाते हैं? सूची बनाइए।

# अध्याय–14 (इकाई 8)

## जेण्डर समानता और महिला अधिकार

**आबंटित अंक 5**

प्रश्न 1. लोकतंत्र में महिलाओं की भागीदारी कैसे सुनिश्चित हो सकती है? समझाइए

प्रश्न 2. सावित्रीबाई फुले ने नारी शिक्षा के लिए क्या क्या प्रयास किए? विस्तार से लिखिए

प्रश्न 3. समाज में जेंडर भेद किन किन कारणों से उत्पन्न होता है? समझाइए।

प्रश्न 4. महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए क्या क्या प्रयास किए रहे हैं? लिखिए।

प्रश्न 5. जेंडर भेद को समाप्त करने के लिए कौन–कौन से उपाय किया जाना चाहिए अपना तर्क दीजिए।

प्रश्न 6. महिला आयोग पीड़ित महिलाओं की सहायता किस प्रकार करता है? विस्तार से समझाइए।

प्रश्न 7. भारत में महिलाओं के प्रति भेदभाव के तरीकों का वर्णन कीजिए

# अध्याय–15 (इकाई 2)

# आर्थिक क्रियाओं की समझ

**अतिलघुउत्तरीय प्रश्न – 1 अंकीय**

प्रश्न 1. सेवा क्षेत्र में कौन–कौन से कार्य सम्मिलित है?

प्रश्न 2. कृषक द्वारा अनाज उगाना किस क्षेत्र की क्रिया है?

प्रश्न 3. कोशे से धागा तैयार कर साड़ी बनाना एवं बेचना किस क्षेत्र की क्रिया है

प्रश्न 4. वेट (VAT) का पूरा नाम लिखिए

प्रश्न 5. जीडीपी (GDP) का पूरा नाम लिखिए

प्रश्न 6. बढ़ई द्वारा फर्नीचर बनाना एवं भेजना कौन सी क्रिया है?

प्रश्न 7. कपास कौन सा उत्पाद है?

प्रश्न 8. महिलाओं के घरेलू कार्यों को कौन क्रिया माना जाता है?

प्रश्न 9. अधिकांश गैर भुगतान कार्य किसके द्वारा किया जाता है?

प्रश्न 10. आर्थिक कार्य गतिविधि क्या है?

**अतिलघुउत्तरीय प्रश्न – 2 अंकीय**

प्रश्न 1. सकल घरेलू उत्पाद से क्या आशय है?

प्रश्न 2. गैर कार्य गतिविधि के अंतर्गत सम्मिलित कार्यों के नाम लिखिए

प्रश्न 3. कुटीर उद्योग किसे कहते हैं?

प्रश्न 4. वृहद उद्योगों के अंतर्गत आने वाले कोई दो उद्योगों के नाम लिखिए

प्रश्न 5. मूल्यवर्धन क्या है

**लघुउत्तरीय प्रश्न – 3 अंकीय**

प्रश्न 1. कुटीर उद्योग बेरोजगारी दूर करने मैं सहायक है समझाइए।

प्रश्न 2. सेवा क्षेत्र अन्य क्षेत्रों से भिन्न है स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 3. मध्यवर्ती वस्तु को उदाहरण देते हुए समझाइए।

प्रश्न 4. कृषि क्षेत्र में कौन–कौन से गतिविधियों को सम्मिलित किया गया है?

प्रश्न 5. घरेलू कार्य अदृश्य एवं आर्थिक कार्य है उदाहरण सहित समझाइए।

# अध्याय–16 + 17 (इकाई 4)

# भारतीय अर्थव्यवस्था का स्वरूप

**आबंटित अंक 6**

प्रश्न 1. अनाज संग्रहण के क्या तरीके हो सकते हैं जो छोटे किसानों को सुरक्षा प्रदान करें।

प्रश्न 2. संस्थागत और गैर संस्थागत साथ में अंतर स्पष्ट कीजिए ।

प्रश्न 3. किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य प्राप्त हो इसके लिए उपाय सो जाइए ।

प्रश्न 4. सेवा कार्य एवं व्यापार होटल एवं रेस्टोरेंट परिवहन संचार और भंडारण क्षेत्रों को स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 5. उत्पादन में वृद्धि के साथ–साथ भूमि की उर्वरा शक्ति कम होती जा रही है कारण बताइए।

प्रश्न 6. उद्योगों से पर्यावरण को हानि कैसे होती है? समझाइए ।

प्रश्न 7. बहुत से सेवा है कृषि एवं विनिर्माण से जुड़ी हुई है। समझाइए।

प्रश्न 8. सन 1990 के बाद औद्योगिक नीति में परिवर्तन की आवश्यकता क्यों हुई ? समझाइए ।

प्रश्न 9. आधारभूत उद्योग की जरूरत क्यों हैं बताते हुए विनिर्माण को बढ़ावा देने से क्या लाभ हो सकता है?

# अध्याय–18 (इकाई 10)

# उत्पादन कैसे होता है?

**अतिलघुउत्तरीय प्रश्न –**

प्रश्न 1. सही विकल्प –

1. कौन सा तत्व उत्पादन प्रक्रिया का प्रमुख अंग नहीं है

(अ) भूमि (ब) श्रम

(स) पूंजी (द) पानी

2. छत्तीसगढ़ अलग राज्य कब बना

(अ) सन 2002 (ब) सन 2000

(स) सन 1998 (द) सन 1900

3. इनमें से कौन कुशल श्रमिक है

(अ) शिक्षक (ब) प्रोफेसर

(स) वकील (द) इनमें से सभी

4. व्हाट्सएप एप किसने बनाया

(अ) जैन कुम (ब) मार्क जुकरबर्ग

(स) आठम (द) इनमें से कोई नहीं

5. उत्पादन का गतिशील संसाधन है

(अ) पूंजी (ब) श्रम

(स) कीमत (द) भूमि

प्रश्न 2. सत्य/असत्य लिखिए –

1. शारीरिक एवं मानसिक मेहनत को श्रम कहते हैं ।
2. रायपुर नगर में सबसे ज्यादा भूमि का उपयोग कृषि के लिए हुआ है ।
3. व्यवसायिक योग्यता प्राप्त श्रमिकों को कुशल श्रमिक कहते हैं ।
4. उत्पादन चक्र को पूरा करने के लिए कच्चे माल और वित्त की आवश्यकता होती है ।

### 3 अंक वाले प्रश्न

प्रश्न 1. कम आय वाले परिवारों की आमदनी किस तरह बढ़ाई जा सकती है ?

प्रश्न 2. स्थाई पूंजी से आप क्या समझते हैं ?

प्रश्न 3. उधमिता साहस किसे कहते हैं ?

प्रश्न 4. कुशल श्रमिक से क्या आशय है ?

प्रश्न 5. अकुशल श्रमिक से क्या आशय है?

प्रश्न 6. उत्पाद चक्र को चित्र द्वारा बताइए।

प्रश्न 7. श्रम से क्या तात्पर्य है ?

प्रश्न 8. सरकार मजदूरी की न्यूनतम दर क्यों तय करती है?